**Regarding setting up of a National Digital Library in Bhind and Datia districts-laid**

श्रीमती संध्या राय **(**भिण्ड**) :** मैं सरकार का ध्यान अपने लोक सभा क्षेत्र भिंड एवं दतिया की ओर आकर्षित करना चाहती हूँ, यह दोनों जिले पिछड़े संभाग में आते है एवं यहाँ छात्र-छात्राओ की आबादी लगभग 8 से 10 लाख है, हमारे क्षेत्र में लगनशील एवं मेहनती छात्र देश विदेश में भारत का परचम लहरा रहे है, दोनों जिलो में "राष्ट्रिय डिजिटल लाइब्रेरी" स्थापित करने से इन लगनशील छात्रों को पढने में सुविधा होगी क्योंकि पढने हेतु उचित स्थान प्राप्त नही कर पाने से मूलभूत सुविधाओं से वंचित रह जाते है, इनको पढने के लिए दोनों जिलो में अत्याधुनिक तकनिकी सुविधाओ युक्त सेन्ट्रल "राष्ट्रिय डिजिटल लाइब्रेरी" छात्र हित में स्थापित किया जाना माननीय प्रधानमंत्री जी और माननीय शिक्षा मंत्री जी की मंशा अनुसार छात्रहित में मील का पत्थर साबित होगी जिससे लाखो छात्र-छात्राए पढ़-लिखकर उच्च स्तर की परीक्षाओ में भाग लेकर देश सेवा में अपना योगदान दे सके ।